## सार-समाचार

### छीपा आहोर नगर कांग्रेस अध्यक्ष बने


भंवरलाल छीपा

**आहोर**, (निसं)। आहोर कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद पर भंवरलाल छीपा को नियुक्त किया गया है। छीपा के नगर अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के लोगों में खुशी है। सरोज चौधरी ने नगर अध्यक्ष बनने पर भंवरलाल छीपा को बधाई दी। छीपा वर्ष 2013 से 2017 तक युवा कांग्रेस के आहोर नगर अध्यक्ष व मंडल के महामंत्री पद पर भी रह चुके हैं। छीपा ने नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्ति देने पर जिला कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे और आहोर में कांग्रेस विचारधारा को जन-जन की विचारधारा में तब्दील करने का पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही आम जन की समस्याओं के समाधान और जरूरतो को लेकर भी सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य जनहित हैं और कांग्रेस की विचारधारा में जनहित सर्वोपरि होता है। कांग्रेस विचारधारा वाले संविधान और लोकतंत्र में श्रद्धा और विश्वास रखते हैं।

### सौ बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के लाल पोल के अंदर स्थित आर्य सुभाष व्यायाम शाला से आर्य वीर दल की सामाजिक चेतना व शोभा यात्रा को आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य, महामंत्री शिवदत्त आर्य, आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य व अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने ओम ध्वज दिखाकर रवाना किया। शनिवार की प्रात:सुंदर यज्ञ का आयोजन कर सौ बालक-बालिकाओं का यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया। शिविर संयोजक भरत कुमार भादरु व सह संयोजक जगदीश आर्य ने बताया कि शोभा यात्रा आर्य सुभाष व्यायाम शाला से प्रारंभ होकर लाल पोल, गौरव पथ, हरिदेव जोशी सर्किल, पंचायत समिति रोड, भक्त प्रहलाद चौक होते हुए व्यायाम शाला पहुंची। बालक बालिकाओं ने जगह-जगह पर लाठी, तलवारबाजी व युद्ध कला का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने महापुरुषों के स्वांग रचे थे। जिसको देखकर हर कोई मोहित हो रहा था। शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने फूलमालाओ, पुष्प वर्षा कर, बिस्कुट, फल कोल्ड ड्रिंक्स, शीतल जल, शरबत, ठंडाई, रचना, मल्करोज आदि विभिन्न पेय पदार्थ पिलाकर से स्वागत किया। आर्य वीरों ने छुआछूत भगाओ, नारी शिक्षा दिलाने, गौ माता जय, नशाबंदी करने भारत माता की जय, मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की जय, योगीराज कृष्णचंद्र की जय, महृषि दयानंद की जय, व भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उनका जोश देखते ही बनता था। लोगों ने उनके प्रदर्शन की मुक्त कंठ सराहना की। शोभा यात्रा व्यायामशाला पहुंचाकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। जहां आर्य वीर दल, जोधपुर के अध्यक्ष हरि सिंह आर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि वेदों के बताए रास्ते पर चलकर ही संसार का भला हो सकता है।आज के युग में युवाओं के आत्म रक्षा, चरित्र निर्माण और संस्कार की आवश्यकता है।

### समारोह व कार्यशाला आयोजित

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में रविवार को प्रो. पी.सी. महालनोबीस की स्मृति में 19वें सांख्यिकी दिवस के अवसर पर विषय 75 ईयर ऑफ नेशनल सैंपल सर्वे पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में बडा लक्ष्य तय करते हुए आगे बढे, कर्तव्य पथ पर आने वाली कठिनाइयों व असफलता से घबराएं नहीं, किताबी ज्ञान प्राप्त करने के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त करें, आउट बॉक्स सोच रखते हुए जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराने के साथ ही स्पोर्ट्स, साहित्य जगत आदि क्षेत्रों में भी जालोर जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ धनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि सांख्यिकी दिवस के अवसर पर आयोजित हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक संस्कृत विद्यालय, ओडवाडा के प्रधानाचार्य विजय सिंह इंदा एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड, जालोर के जिला सचिव सचिन राजपुरोहित ने सांख्यिकी विषय पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा जिला एक दृष्टि फोल्डर 2025 का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य आयोजना अधिकारी महेश चावला, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी दिनेश मीणा, किशन सिंह, अधिकारी कार्मिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### राजेंद्र नगर विस्तार में मन की बात सुनी

**पाली**, (नि.सं.)। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज 29 जून को सुबह 11 बजे हुआ। पाली जिले में मन की बात को आमजन व महिलाओं व बच्चों ने जिले भर में प्रत्येक बूथ, प्रत्येक गांव तक आमजन ने मोदी की मन की बात सुनी। इसी के तहत राजेंद्र नगर विस्तार में भी महिलाओं व नागरिकों व बच्चों ने मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनिल भडारी जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी, नारायण कुमावत, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह भाटी, देविलाल मेघवाल, अशोक शर्मा, गणपत बावरी, राहुल मेवाड़ा, हेमन्त सिंह चौहान, अजय वैष्णव, भुरसिह, सुदर्शनसिह उदावत, जयदीप पटेल सहित उपस्थित रहे।

### कार वाश सेंटर से बाल श्रमिक मुक्त

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की रातानाडा पुलिस ने कार वाश सेंटर पर कार्य कर रहे एक बाल श्रमिक को मुक्त करवा सुधार गृह में दाखिल करवाया। इस बारे में संचालक के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रातानाडा पुलिस थाने के एसआई भंवरसिंह को मुखबिरी सूचना मिली कि पीडब्ल्यूडी रोड पर आए एक कार वाश सेंटर पर बच्चें से काम करवाया जा रहा है। इस पर वे वहां पहुंचे। तब एक बालक को काम करते पाया। उसे बाल श्रम से मुक्त करवाया गया। संचालक मदेरणा कॉलोनी निवासी ललित पुत्र संपतलाल के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया गया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सायला**, (निसं)। शहर के ओटवाला रोड पर एस्सार पेट्रोल पंप के पास रविवार शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लुकाराम पुत्र मोहनलाल जाति भील (33 वर्ष) निवासी ओटवाला मोटरसाईकिल पर सवार होकर सायला से ओटवाला की ओर जा रहा था। उस दरम्यान ओटवाला के एस्सार पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। सूचना पर 1008 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायला लाया गया। जहां पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. दरगाराम चौधरी के निर्देशन में नर्सिंग स्टाफ ने प्राथमिक उपचार किया। घायल के सिर में चोट लगी है।

### चिकित्सा शिविर आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर जी बी एच जनरल हॉस्पिटल उदयपुर नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर कुक तारा पेंशनर भवन रेवदर में आयोजित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश मेघवाल ने बताया कि जिसमें डॉ राहुल हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ प्रशांत डायबटॉलिस्ट, डॉ अक्श जनरल मेडिसिन, रेवदर कैम्प इंचार्ज नरेन्द्र सिंह कच्छावा ने सभी रोगियों का नि:शुल्क चेकअप किया तथा नि:शुल्क दवा दी गई। शिविर में 125 पेशेंट की जांच की गई। जांच के उपरांत 25 पेशेंट रेफर किए गए। इस शिविर में रेवदर रणछोड पुरोहित, जयंतिलाल जोशी, कन्हैया लाल, मंछाराम पुरोहित आदि मौजूद रहे।

### दक्षता परीक्षण कल

**जालोर**, (कासं)। नागरिक सुरक्षा जालोर के लिए नये नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के चयन के लिये माह मार्च 2025 में लिये गये आवेदनों के संबंध में इन आवेदकों का शारीरिक फिटनेस, दक्षता परीक्षण एवं डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन 1 जुलाई को प्रात: 8 बजे से शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में किया जावेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी आवेदक निर्धारित दिनांक को प्रात: 7.30 बजे स्टेडियम जालोर में मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# डॉ.पवन ओझा बेस्ट असिस्टेंट गवर्नर अवार्ड से सम्मानित




**जालोर रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर डॉ.पवन ओझा को माउंट आबू में आयोजित कार्यक्रम में बेस्ट असिस्टेंट गवर्नर अवार्ड से सम्मानित किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। सिरोही जिले के माउंट आबू के एक निजी रिसोर्ट में हुए डिस्ट्रिक्ट अवार्ड कार्यक्रम 'अभिनन्दन' में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के जोन 14 के असिस्टेंट गवर्नर डॉ.पवन ओझा को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर एवं पूर्व प्रांतपाल डॉ.जे.पी व्यास द्वारा बेस्ट असिस्टेंट गवर्नर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह अवार्ड उन्हें पश्चिमी राजस्थान के जालोर, सिरोही, सांचौर, भीनमाल, रानीवाडा, शिवगंज, सुमेरपुर, सायला सहित अन्य क्षेत्रों में रोटरी क्लब के माध्यम से रोटरी के पर्यावरण, शिक्षा,मातृ शिशु स्वास्थ्य, बीमारी रोकथाम, सामुदायिक, आर्थिक, व्यावसायिक कौशल विकास सहित सात रोटरी सेवा क्षेत्रों में विभिन्न रोटरी क्लबों के माध्यम से करवाए गए सराहनीय सेवा कार्यो के लिए प्रदान किया गया।

गौरतलब हैं कि डॉ.ओझा को पत्रिका के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में (उद्योग, वाणिज्य, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के नीति निर्धारण विभाग राज्य मंत्री ) के.के.बिश्नोई द्वारा विद्यार्थियों के कैरियर मार्गदर्शन एवं विभिन्न सामाजिक सरोकार के श्रेष्ठ कार्यो के लिए भी सम्मानित किया जा चुका हैं।

साथ ही रोटरी के प्रति निरंतर उनके सेवा समर्पण कार्यो को देखते हुए डॉ.ओझा को वर्ष 2025-26 के लिए रोटरैक्ट क्लब ऑफ जालोर युवा का अध्यक्ष एवं रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 की मेम्बरशिप कमेटी में पश्चिमी राजस्थान का चेयरमेन मनोनीत किया गया हैं। क्लब के सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर की।

# सिलावट समाज के कब्रिस्तान में पौधारोपण



**सिलावट समाज ईदगाह कब्रिस्तान टीम जालोर ने पौधारोपण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। मुख्यमंत्री पौधारोपण महा अभियान हरियालो राजस्थान के अंतर्गत सिलावट समाज ईदगाह कब्रिस्तान टीम जालोर की ओर से सिलावट समाज कब्रिस्तान में रविवार को पौधारोपण कर प्रकृति के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आमजन को अधिकाधिक पौधारोपण करने की अपील की गई।

कार्यक्रम संयोजक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने बताया कि सिलावट समाज के लोगों ने सिलावट समाज कब्रिस्तान में कुल 15 पौधे जिसमें नीम, कनेर, करजी ,का पौधारोपण कर पौधो के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हमारे भविष्य के लिए शुद्ध वातावरण और शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पौधारोपण का संरक्षण करना जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण हमारी सामाजिक राष्ट्रीय व नैतिक जिम्मेदारी है । वहीं दूसरों को भी पौधारोपण करने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना होगा । उन्होंने आमजन से कहा कि बरसात के मौसम में एक पेड अपने लिए जरूर लगावे। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए। सभी लोगों को पौधारोपण में बढ चढकर हिस्सा लेने का आव्हान किया।

इस अवसर पर इंसाफ अली, लियाकत अली, पूर्व पार्षद अयूब शेख, मुश्ताक खान , सिराजुद्दीन खान ,इमरान खान, आबाद अली, हिदायत खान जानशेर खान, फारूकखानटेलर,जहांगीर खान, एजाज अली, साबिर खान ,अनवर खान, शौकत खान ओभाया ,किशोर कुमार, नौहसिन, हमजा ,हुमायूं,अमीर आदि मौजूद थे।

## बांगड़ कॉलेज की 27 छात्राओं को स्कूटियां दी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के राजकीय बांगड़ कॉलेज में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना (2022-23) के तहत 27 कॉलेज छात्राओं में स्कूटियों का वितरण किया।

छात्राओं को पाली के पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख और जाडन ओम आश्रम के महामंडलेश्वर संत फूलपुरी ने स्कूटी की चाबी दी तो वे खुश हो उठी।

छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पारख ने कहा कि वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें और अच्छा मुकाम हासिल कर परिवार और पाली का नाम रोशन करें।

उन्होंने कहा कि देश हमें सब कुछ देता हैं हमें भी कुछ देना का भाव मन में रखना होगा।

इस दौरान बांगड़ कॉलेज प्राचार्य एम एस राजपुरोहित ने कहा कि 86स्कूटी और देंगें जिसमें से 46 आ गईं हैं। इस संबंध के कार्यवाई चल रही हैँ. स्कूटी मिलने से लाभान्वित छात्राओं को सुविधा मिलेगी।

नोडल प्रभारी डॉ.अपूर्व माथुर ने बताया कि 2जुलाई को कार्यक्रम प्रस्तावित हैं जिसमें पात्र छात्राओं को स्कूटी का वितरण होगा, 46 स्कूटी प्राप्त हुई एवं शेष 40 स्कूटी के लिए कम्पनी से आठाह किया गया हैँ. कार्यक्रम में श्यामलाल तोसावरा, अमराराम, प्रोफेसर जाडन आश्रम के सुरेश गर्ग सहित कई कॉलेज स्टूडेंट और उनके परिजन मौजूद रहे।

## पौधारोपण किया

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा पंचायत समिति सभागार में रविवार को सांख्यिकी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने पी. सी. महालनोबिस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्जलित किया।

कार्यक्रम में जिले के 9 ब्लॉकों से सांख्यिकी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी राम निवास कुमावत द्वारा किया गया। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं उनके कार्यान्वयन की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि भुवनेश्वर सिंह चौहान ने अपने संबोधन में सांख्यिकी विभाग की भूमिका, आंकडों की महत्ता और दैनिक जीवन में सांख्यिकी के उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सांख्यिकी से जुडा हुआ है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए सुझाव दिया कि प्रत्येक सांख्यिकी दिवस पर पौधारोपण किया जाना चाहिए। इस अवसर पर फलदार पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में सांख्यिकी विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। जिनमें सिवाना ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी शिवप्रसाद खींची, सांख्यिकी निरीक्षक लुकमान खान, संगणक दिनेश कुमार गोरसिया एवं वरिष्ठ सहायक मनीष कुमार शामिल रहे। इन सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभाग से ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी मंजु मीणा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी शिवशंकर शर्मा, धुडाराम, सांख्यिकी निरीक्षक अरविंद, लुकमान, योगेश, गोपाल कृष्ण, यंग इंटर्न सांवरमल जांगड़ सहित कई जने उपस्थित रहे।

# रूपराज पुरोहित को संयोजक बनाया

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एसोसिएशन का गठन करने का निर्णय रविवार को आयोजित बैठक मे लिया गया।

जालोर जिले के सभी मुख्य बिल्डरों की अध्यक्षता में एक निजी होटल मे बैठक रखी गई जिसमे सदस्यता अभियान आज से दस दिन तक जारी रहेगा तथा अगली मिटिंग 9 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें जिला कार्यकारिणी गठित की जायेगी।

बैठक में एसोसिएशन के रजिस्ट्रेशन व बैंक कार्य के लिए कार्यवाहक संयोजक के तौर पर रूपराज पुरोहित को चुना गया। इसी दौरान मिटिंग में कई महत्वपुर्ण कार्यो पर चर्चा की एवं निर्णय लिये गये।

इस दौरान श्रवणसिंह नारनाडी, श्याम अग्रवाल, गजेन्द्रसिंह वादनवाडी, गणपतसिंह, लालसिंह गोविन्दला, गौरव अग्रवाल, संदीप यादव, सुरेश चौधरी, ओबाराम देवासी, डुंगर देवासी, पीयुष बंसल, अर्जुन चौधरी, शेरसिंह, देवेन्द गेहलोत, गोविन्द टांक, राजेन्द्र सोलंकी, रमेश आंजणा, मिश्रीमल परिहार आदि उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय युवक संघ का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



**जालोर में क्षत्रिय युवक संघ का संभागीय स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। क्षत्रिय युवक संघ के वार्षिक कार्यो की प्रस्तावना और कार्य योजना तैयार कर वर्ष पर्यंत होने वाले कार्यक्रमों के लिए जालौर संभाग की बैठक संभाग प्रमुख अर्जुनसिंह देलदरी के आवास पर संपन्न हुई।

केंद्रीय निर्देशानुसार संभाग प्रमुख देलदरी की उपस्थिति में रविवार को शहर में हुई इस संभागीय बैठक में श्री क्षत्रिय युवक संघ के प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर, माध्यमिक प्रशिक्षण, बालिका शिविर, शाखा, समारोह तथा अन्य उत्सव एवं जयंती के साथ-साथ पारिवारिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। जालौर, भीनमाल, सांचौर, रानीवाडा तथा सिरोही से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार शिविर के लिए प्रस्तावित स्थान का चयन किया गया तथा बालिका शिविर के लिए भी उचित स्थान की चर्चा की गई।

बैठक के दौरान नाहरसिंह जाखडी, गणपतसिंह भंवरानी, ईश्वरसिंह सागाना, गणपतसिंह पुर, खुमानसिंह दूधिया, प्रवीणसिंह सुरावा, अमरसिंह चादना, प्रेमसिंह अचलपुर, सौभाग्यसिंह पांचोंटा, दीपसिंह दुधवा, पूरनसिंह दहिवा,सुमेरसिंह उथमण, चंद्रवीरसिंह लूणोल, जसवंतसिंह बावतरा और ईश्वरसिंह चोरा सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आत्मरक्षा, चरित्र निर्माण संस्कार व योग शिविर संपन्न

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल एवं आर्य समाज जालोर की ओर से आयोजित सात दिवसीय आत्मरक्षा, चरित्र निर्माण संस्कार एवं योग शिविर का समापन लाल पोल के अंदर स्थित आर्य सुभाष व्यायाम शाला मे समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें 102 संभागियों ने लाठी, तलवारबाजी, योग एवं प्राणायाम, वूशु ,बॉक्सिंग, कमांडो ट्रेनिंग एवं हैरतअंगेज कार्यकम का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर ने कहा कि आर्य वीर दल एवं आर्य समाज द्वारा इस प्रकार के शिविर के माध्यम से युवाओं में संस्कार ,चरित्र एवं आत्मरक्षा के गुणों का समावेश करते हुए देश के लिए जिम्मेदार आदर्श नागरिक तैयार करना प्रंशसनीय है । उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऋषि दयानंद के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए वैदिक विचारधारा का प्रचार प्रसार वर्तमान की आवश्यकता है । कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का दुपट्टा पहनकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। आर्य वीर दल के संरक्षक दलपत सिंह आर्य ने स्वागत भाषण देते हुए आर्य समाज द्वारा बालकों के बौद्धिक आध्यात्मिक शारीरिक एवं चारित्रिक विकास के लिए इस प्रकार के शिविर की महत्वता को बताया । शिविर संयोजक भरत कुमार एवं सह-संयोजक जगदीश आर्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि मैं इस प्रकार के शिविर में पहली बार आया हूं तथा बालक बालिकाओं की कौशल एवं प्रदर्शन को देखकर अभिभूत हुए। अध्यक्षता समाज सेवी मुकेश सुन्देशा ने की, जबकि विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ उद्यमी आनंद खत्री, हुकमाराम सुन्देशा, चंद्रशेखर शर्मा, आर्य वीर दल के अधिष्ठाता विनोद आर्य थे।जोधपुर से नारायण सिंह आर्य सर,चांदमल आर्य , जितेंद्र सिंह आर्य व रोशन लाल आर्य ,बालोतरा से राजेंद्र गहलोत,जितेंद्र गहलोत व दिलीप गहलोत एवं ,शिवगंज से हरदेव आर्य विशेष आमंत्रित मेहमान थे।

कार्यक्रम के दौरान शिविर के प्रशिक्षक जोधपुर के उम्मेद सिंह आर्य, गुरुकुल महाविद्यालय माउंट आबू के नेमीचंद आर्य एवं सूरज आर्य के निर्देशन में प्रतिभागियों ने लाठी, तलवारबाजी, योग एवं प्राणायाम, बॉक्सिंग, वूशु एवं कमांडो ट्रेनिंग का शानदार प्रदर्शन किया। आर्य वीर दल राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भंवर लाल आर्य ने अपने उद्बोधन में संगठन की रीति नीति एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । वहीं संगठन द्वारा सहयोग करने वाले भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया । आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य ने ध्वजातरण कर राष्ट्रीय प्रार्थना के साथ शिविर का विधिवत समापन किया । आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने आभार ज्ञापित किया, वही संचालक प्रशांत सिंह ने कार्यक्रम समापत्र की घोषणा की । कार्यक्रम का संचालन आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने किया ।

सेवानिवृत्ति अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी, प्रधानाचार्य खीमसिंह राठौड, चंद्रकांत रामावत, शिक्षाविद ओमप्रकाश खंडेलवाल, क्षत्रिय युवक संघ के गणपत सिंह मंडलावत,भाजपा नेता शंकर भादरु, युवा नेता अचल सिंह परिहार व जीतू सिंह केशवाना, सरदार हरबंस आर्य काली भाई, मुरलीधर शर्मा, अंबिका प्रसाद तिवारी, सुशील पाल सिंह गहलोत, वरुण शर्मा आदि उपस्थित थे।

# कुमावत ने शल्य चिकित्सा कैंप का उद्घाटन किया

**सुमेरपुर/पाली**, (नि.सं.)। प्रदेश के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को जवाई बांध रोड स्थित भगवान महावीर हॉस्पिटल में निशुल्क शल्य चिकित्सा कैंप का उद्घाटन कर निरीक्षण किया।

उन्होंने हॉस्पिटल में चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हॉस्पिटल में एडमिट मरीजों, ओपीडी में आने वाले मरीजों के इलाज आदि को लेकर जानकारी ली। केबिनेट मंत्री ने संस्था के स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने वर्तमान में राजस्थान सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे नए-नए कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि सरकारी योजनाओं को मूर्त रूप देने में निजी संस्थाओं का भी सहयोग उन्हें पूरा करने में और भी बेहतर मिल रहा है।

हॉस्पीटल के प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि भामाशाह कैसी बाई विनय चंद कामदार बीजापुर के सहयोग से प्रथम निशुल्क मस्तिष्क एवं स्पाइन सर्जरी, लेप्रोस्कोपी हर्निया एवं एशियाई हेड एंड नेक के सहयोग से कैंसर स्क्रीनिंग दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. विकास मोरवाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी पाली, सुमेरपुर के एसडीएम कालूराम कुम्हार, डीवाईएसपी सुमेरपुर जितेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का साफा बांधकर, माला पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष आरएम जैन, उपाध्यक्ष एन सी चौहान, जनरल सेक्रेटरी उत्तम जैन एवं डॉ नरेश सिंघी ने सभी का स्वागत किया।

डॉ विकास मोरवाल ने राजस्थान सरकार द्वारा पाली जिले में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पाली जिले में पहली बार न्यूरो सर्जरी विभाग की सेवा भगवान महावीर हॉस्पिटल में प्रारंभ करने पर संस्था को बधाई दी।

प्रशासनिक अधिकारी इंदर सिंह ने संस्थाएं में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी सेवा यथा- न्यूरो सर्जरी, कार्डियक विभाग ,पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग, यूरोलॉजी विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष आर एम जैन एवं उपाध्यक्ष एनसी चौहान ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

इस मौके पर संस्था के जनरल सेक्रेटरी उत्तम जैन,डॉ नरेश सिंघी, कोषाध्यक्ष कमलेश मेहता ,दयाल जैन, प्रकाश वृंदानी, रमेश चौहान, नर्सिंग कॉलेज प्रिंसिपल शोभा कुण्डगोल , बाफना स्कूल प्रिंसिपल मंजू तंवर, संस्था के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शैतान सिंह राठौर, नगरपालिका उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, डॉ गोविंद सिंह बीसीएमओ सुमेरपुर, पूरन सिंह परमार, शैतान सिंह राठौड़, इंद्र सिंह रानावत, प्रमोद गिरी, नरेंद्र परमार, महावीर सिंह देवड़ा, राम प्रसाद गढ़वाल एसडीएम कालूराम, डीवाईएसपी जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## जल भराव की समस्या

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर की बनाड़ रोड पर जल भराव की समस्या मिटने का नाम नहीं ले रही। हजारों वाहन रोजाना गुजरते हैं। ये जोधपुर से जयपुर जाने वाला हाइवे है, लेकिन राह में हुए जलभराव के चलते लोग गड्ढ़ों में गिरते, संभलते अपने गंतव्य की ओर जाने को मजबूर हैं।

बरसों पुरानी इस समस्या को हल करने का आश्वासन प्रशासन द्वारा हर साल लोगों को दिया जाता है, मगर समस्या का समाधान नहीं होता। ये हाल तब है जब इसी जोधपुर जिले के प्रदेश में दो केबिनेट और एक केंद्र सरकार में मंत्री है। मंत्री से लेकर अधिकारी इसी सड़क से निकलते हैं, लेकिन इसके बावजूद यहां हालात जस के तस है।

रमजान हत्थे के रहने वाले मोहनलाल चौधरी ने बताया कि बनाड़ रोड पर करीब तीन से चार किलोमीटर तक इसी प्रकार से सड़क पर गड्ढे और पानी का भराव रहता है। हर साल बारिश के मौसम में यहां पर इसी प्रकार के हालात रहते हैं। इसकी वजह से लोगों को घुटनों तक भर पानी में निकालना पड़ता है कई बार हादसे भी हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां पर सड़क के दोनों तरफ पानी भर चुका है। इसकी वजह से पैदल आने-जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशान होना पड़ता है। यह स्थिति करीब 4 किलोमीटर आगे तक की सड़क की है। लोग यहां से जान जोखिम में डालकर वाहन लेकर निकलते नजर आते हैं।

### मन की बात सुनी

**जालोर**, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' को निवर्तमान उपसभापति बूथ अध्यक्ष अम्बालाल व्यास ने जालोर नगर के बूथ 225 में कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

इस दौरान ओबोसी मोर्चा नगर अध्यक्ष जोगेश सेन, बूथ महामंत्री युवान सिंह, तनुज सुथार व हितार्थ सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

मोदी ने इमरजेंसी को सविधान हत्या दिवस बताते हुए कहा कि इमरजेंसी लगाने वालों ने संविधान की हत्या की, लोगों को बडे पैमाने से प्रताड़ित किया गया था।


**सम्मन बनाम रेस्पोडेण्ट**
(ऑर्डर 4 रुल जाब्ता दीवानी)
अज अदालत राजस्व अपील अधिकारी महोदय मुकाम पाली।
अपीलाण्ट मांगीलाल वगैरह बनाम रेस्पोडेण्ट हरकू वगैरह
दावा बाबत:- अपील अन्तर्गत धारा 223 रा.काश्त. अधिनियम
अपील नंबर : 81/2024
ब -नाराजगी फैसला / हुक्म अदालत सहायक कलेक्टर महोदय , सायला
मवरखा 06 माह 09 सन् 2024
बनाम
1. पिंकी पुत्री स्व. सोनाराम पत्नि हसमुख, कौम सोनार, निवासी सायला तहसील सायला जिला जालोर । 2. मूलचंद पुत्र भूरमलजी , जाति सोनार निवासी सायला तहसील सायला जिला जालोर । 3. भबूतमल पुत्र पोलाराम जाति सुथार निवासी सायला तहसील सायला जिला जालोर । रेस्पोडेण्ट पिंकी, मुलचंद व भबूतमल को जरिये हाजा इतिला दी जाती है कि अपीलांट मांगीलाल वगैरह ने इस मुकदमें में अपील पेश की जो इस अदालत में दर्ज रजिस्टर की गई है । और मंगलवार वार तारीख 22 माह 07 सन् 2025 को पेशी इस अदालत में अपील सुनवाई के लिए मुकर्रर है । अगर आपकी तरफ से आप खुद, आपका वकील या और कोई शख्स कानूनन इस अपील की आपकी तरफ से पैरवी कर सकता हो हाजिर नही हुआ तो आपकी अमद मौजुदगी में अपील सुना व फैसला किया जावेगा । बसिख्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज व तारीख 24 माह 6 सन् 2025 को जारी किया गया ।
मोहर राजस्व अपील प्राधिकारी